प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

स्किल डेवलपमेन्ट कोर्स पर व्याख्यान

विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में टैक्नीकल लीड–ऐपरेल एण्ड टैक्सटाइल, लर्नेड स्किल प्राइवेट लिमिटेड, डा. ईशा त्यागी द्वारा नेशनल स्किल डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली द्वारा संचालित स्किल डेवलपमेन्ट कोर्सेस विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया गया। डा. ईशा द्वारा सुझाये गये विभिन्न विषय महाविद्यालय के सभी विभागों से सम्बंधित थे जिनको विभिन्न विभागों द्वारा नयी शिक्षा नीति ;छम्च्द्ध के अन्तर्गत स्किल डेवलपमेंट हेतु कोर्स करिकुलम में शामिल किया जा सकता है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत वर्तमान में चल रहे 10,2 मॉडल के स्थान पर पाठ्यक्रम में 5,3,3,4 की शैक्षिक प्रणाली के आधार पर पाठ्यक्रम को विभाजित कर छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने स्किल डेवलपमेन्ट कोर्स के बारे में विस्तार से बताया।

अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल ने बताया कि सामुदायिक शिक्षा स्किल डेवलपमेन्ट से प्रत्य क्ष रूप से जुड़ी हुई है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत इसके डिप्लोमा पाठ्यक्रम काफी महत्वपूर्ण हैं जिन्हें नेशनल स्किल डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन भी ऑफर करता है। व्याख्यान में महाविद्यालय के सभी फैकल्टी सदस्य उपस्थित थे।



ऑनलाइन व्याख्यान देती डा. ईशा त्यागी।